केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/सत्यापन/पूरक/2024 दिनांक: 01.08.2024

परिपत्र

बोर्ड जल्द ही कक्षा-XII के लिए पूरक परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित करने की योजना बना रहा है। परिणाम घोषित होने के बाद, सीबीएसई छात्रों को अंकों के सत्यापन, उनकी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने की सुविधा और उसके बाद उनके उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन का अवसर प्रदान करेगा। सभी गतिविधियाँ समयबद्ध हैं और इनका लाभ केवल ऑनलाइन ही उठाया जा सकता है।

यह देखा गया है कि कई छात्र और अभिभावक इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद सीबीएसई से किसी न किसी बहाने संपर्क करते हैं। यह सूचित किया जाता है कि ये गतिविधियाँ समयबद्ध हैं और इनका लाभ केवल ऑनलाइन ही उठाया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद और ऑफ़लाइन मोड में कोई भी अनुरोध बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा क्योंकि यह परीक्षा सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करता है।

इसलिए अभिभावकों, छात्रों और स्कूलों को पहले से ही कार्यक्रम की जानकारी दे दी जाती है ताकि जरूरत पड़ने पर वे सीबीएसई द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

इन गतिविधियों के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम नीचे दिया गया है:

क्रम सं.	**गतिविधि**	**कक्षा XII के लिए अनंतिम समय सारणी**
1.	अंकों का सत्यापन	परीक्षा परिणाम की तिथि के 4वें दिन से परीक्षा परिणाम की तिथि के 5वें दिन तक यह सुविधा 2 दिनों के लिए है।
2.	मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की (स्कैनड) फोटोकॉपी की प्राप्ति	यह सुविधा परिणाम की तिथि से 11वें दिन तक 01 दिन के लिए उपलब्ध होगी।
3.	उत्तर (रों) पुनर्मूल्यांकन	परिणाम की तिथि से 15वें दिन तक 01 दिन के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी

विस्तृत तौर-तरीके पूरक परीक्षा 2024 में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करने, मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए परिणाम घोषित होने के बाद जारी किए जाएंगे।

सभी स्कूलों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त जानकारी अपने उन छात्रों के ध्यान में लाएं जो कक्षा XII की 2024 की पूरक परीक्षाओं में उपस्थित हुए थे।

हस्ता/-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित वेब-प्रशासक को प्रतिलिपि